स्वच्छता के संदेश दीवारों पर, नीचे पसरीं गंदगी की परतें

विश्व पर्यावरण दिवस से पहले शहर के जिला अस्पताल की बदहाल तस्वीर

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया जाएगा. सरकारी कार्यालयों से लेकर शैक्षणिक संस्थानों तक पौधरोपण और स्वच्छता अभियान चलाए जाएंगे. लेकिन पर्यावरण दिवस से ठीक पहले जिले के सबसे बड़े स्वास्थ्य केन्द्र की ये तस्वीरें स्वच्छता के इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है.

जिला अस्पताल की बाउंड्रीवाल से सटे गेट नंबर-1 और गेट नंबर-2 के आसपास कचरे के ढेर, खुले नाले, मेडिकल अपशिष्ट और दुर्गंध भरा वातावरण साफ नजर आ रहा है हालात ऐसे हैं कि जहां एक ओर अस्पताल के भीतर मरीजों का उपचार किया जा रहा है, वहीं बाहर गंदगी संक्रमण को खुला निमंत्रण देती नजर आ रही है.

शहर के जिला अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं. इनमें गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के साथ बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल होते हैं. लेकिन अस्पताल की चौखट तक पहुंचने से पहले ही मरीजों और उनके परिजनों का सामना गंदगी और दुर्गंध से हो रहा है. अस्पताल परिसर के बाहर का ऐसा दृश्य प्रशासनिक अनदेखी को साफ जाहिर करता है गौरतलब है कि गेट नंबर-1 के पास नाले में जमा कचरे के कारण पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है . वहीं गेट नंबर-2 के आसपास भी बाउंड्रीवाल से सटे हिस्से में कचरे का जमाव हो रहा है . कई स्थानों पर आवारा मवेशी कचरे के बीच घूमते नजर आए. आपको बता दें अस्पताल पहुंचने वाले ज्यादातर मरीजों और उनके परिजनों की आवाजाही भी इसी मार्ग से होती है.

गेट नंबर-1 मुख्य मार्ग पर कचरे का जमाव

जिला अस्पताल के गेट नंबर-1 के पास खुले नाले में बड़ी मात्रा में कचरा जमा हो रहा है नाले में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट फंसे दिखाई दे रहे हैं

गेट नंबर-2 बाउंड्रीवॉल के किनारे पसरी गंदगी

गेट नंबर-2 के आसपास बाउंड्रीवाल से लगे हिस्से में कचरे के ढेर दिखाई दिए . सड़क किनारे फैले अपशिष्ट के बीच मवेशी भी घूमते नजर आए . क्षेत्र में सफाई के अभाव को साफ तौर पर देखा जा सकता है

ट्रांसफॉर्मर के नीचे भी कचरे का अंबार

अस्पताल परिसर से लगे क्षेत्र में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर के नीचे भी कचरा जमा हो रहा है ट्रांसफार्मर के आसपास प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट बिखरे दिखाई दे रहे हैं

लाल मिर्च पाउडर डाल लूटने का प्रयास

बाल- बाल बचा व्यापारी

नवभारत न्यूज

सतना 3 जून. रात में अपनी दुकान बंद कर आगे बढ़ते ही व्यापारी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंक कर उन्हें लूटने का प्रयास किया गया. लेकिन आंख में मिर्च न पड़ने की वजह से व्यापारी बाल बाल बच गए.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मैहर निवासी दिवाकर जायसवाल द्वारा मोबाइल की दुंकान संचालित की जाती है. हर रोज की तरह रात के लगभग 10 बजे उन्होंने अपनी दुकान बंद की और बड़ी माई मंदिर के पास स्थित अपने घर की ओर जाने लगे. बताया गया कि जैसे ही वे बाबा तालाब के थोड़ा आगे पहुंचे वैसे ही 3 अज्ञात बदमाश वहां आ धमके. जिसमें से एक ने उनके चेहरे पर लाल मिर्च पाउडर झोंक दिया. लेकिन गनीमत यह रही ही कि थोड़ा झुक जाने के कारण लाल मिर्च पाउडर दिलीप के गाल और कान तक ही सीमित रहा और उनकी आंखों में नहीं गया. यह देखते ही तीनों बदमाश वहां से भाग निकले. दिलीप द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई है. वहीं पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है.

कांग्रेस का सोशल मीडिया वॉरियर खोज अभियान

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. काग्रेस ने सोशल मीडिया की गतिविधियों में प्रभावी भूमिका तय करने के उद्देश्य से सोशल मीडिया वॉरियर की खोज के लिए विशेष अभियान चालू किया गया है.

बुधवार को काग्रेस शहर कार्यालय में कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष आरिफ इकबाल सिद्दीकी की मौजूदगी में अभियान के प्रभारी शशांक गुप्ता %गोलू% एवं राज बहादुर यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत कोई भी व्यक्ति जो सोशल मीडिया में कन्टेन्ट क्रिएट कर सकता है,जिसके अंदर ऐसी रचनात्मकता है. वह साइट पर जाकर आन लाइन पंजीयन कर सकता है. इसके बाद प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी.जो पात्र पाए जाएगे उन्हें शहर कार्यालय में ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा.30 जून को चयन समिति की सहमति के बाद चयनित व्यक्ति के नामों की सूची जारी कर दी जाएगी.

उन्होंने बताया कि संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, लेखकों, ब्लॉगर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा कला एवं मनोरंजन जगत की प्रतिभाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़कर समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा ।इस अभियान का उद्देश्य समाज की सकारात्मक और जागरूक आवाज़ों को कांग्रेस संगठन से जोड़ते हुए जनहित, संविधान और लोकतंत्र की लड़ाई को मजबूत करना है। अभियान के माध्यम से युवाओं को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच को एक व्यापक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

नागौद में गाय से टकराई बाइक, युवक की मौत

नवभारत न्यूज

सतना 3 जून. जिले के नागौद क्षेत्र में बुधवार को उस वक्त दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया जब तेज रफ्तार बाइक के गाय से टकरा जाने के कारण उस पर सवार युवक की मौत हो गई. इसके साथ ही कचनार मोड़ के निकट सब्जी लदी जीप और कार की जोरदार भिड़ंत हो गई. गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ.

प्राप्त जानकारी के अनुसार नागौद क्षेत्र में स्थित फुटबाल मैदान के निकट से एक बाइक सवार गुजर रहा था. बताया गया कि बाइक तेज रफ्तार थी और सड़क पर अचानक एक गाय आ गई. सड़क पर अचानक गाय आ जाने से बाइक सवार को संभलने का

मौका नहीं मिली. लिहाजा देखते ही देखते बाइक गाय से जा टकराई. इस घटना की वजह से एक ओर जहां गाय बुरी तरह घायल हो गई वहीं दूसरी ओर बाइक सवार युवक गंभीर तौर पर घायल होकर बेसुध हो गया. घटना होती देख आस पास मौजूद लोगों द्वारा घायल युवक को उपचार के लिए नागौद स्थित अस्पताल पहुंचाया गया. प्रारंभिक उपचार के बाद युवक को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया. लेकिन उपचार के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका. मृतक युवक की पहचान मनीष तोमर पिता लल्ला तोमर के तौर पर हुई. इस घटना की जानकारी सामने आते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया.

दो ट्रक टकराए

सतना -चित्रकूट मार्ग पर कोठी क्षेत्र अंतर्गत थाड़ी पत्थर के निकट दो ट्रक आमने सामने से टकरा गए . हलांकि इस दुर्घटना के चलते दोनों ट्रक चालकों को हल्की चोटें ही आईं . लेकिन इसकी वजह से सतना चित्रकूट मार्ग बाधित हो गया . देखते ही देखते मार्ग के दोनों ओर काफी संख्या में वाहनों की लाइन लग गई . घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों वाहनों को किनारे करवाकर जाम खोलने का प्रयास शुरु किया गया .

जीप से भिड़ी कार

जिले के नागौद क्षेत्र में कचनार मोड़ के निकट बुधवार की सुबह एक और हादसा तब सामने आया जहब एक कमांडर जीप और कार के बीच आमले-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई . हादसा इतना जबरदस्त था कि जीप और कार दोनों का बोनट वाला हिस्सा एक दूसरे में समा गया . इस घटना की वजह से जीप और कार में सवार लोग घायल हो गए . जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया . वहीं दूसरी ओर जीप में लदी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं .

परीक्षा पोर्टल की खराबी पर भड़के छात्र, उच्च शिक्षा विभाग को सौंपा ज्ञापन

▸ अमरपाटन कॉलेज में प्रोफेसर गायब, एमएससी छात्रों का भविष्य अधर में

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन में अव्यवस्थाओं के चलते एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों का शैक्षणिक भविष्य दांव पर लग गया है।

रसायन शास्त्र विभाग के प्राध्यापक की लंबे समय से अनुपस्थिति और विश्वविद्यालय पोर्टल की तकनीकी खामियों से परेशान छात्रों ने उच्च शिक्षा विभाग

के नाम ज्ञापन सौंपा है छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि रसायन विभाग के मुख्य प्राध्यापक लगातार ड्यूटी से नदारद हैं। उनके अवकाश पर होने के कारण एमएससी अंतिम सेमेस्टर के छात्रों की न तो परियोजना पूरी हो पा रही है और न ही प्रायोगिक परीक्षाएं समय पर हो पा रही हैं। कॉलेज प्रशासन ने इस संकट से निपटने के लिए अब तक किसी वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था नहीं की है ।विद्यार्थियों का कहना है कि वे इस समस्या को लेकर कई बार कॉलेज प्राचार्य के चक्कर काट चुके हैं, लेकिन वहां से केवल कोरे आश्वासन ही मिले, कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ।

छात्रों के मुताबिक, परीक्षा पोर्टल बार-बार खुलने और बंद होने के कारण सर्वर डाउन रहता है, जिससे परीक्षा फॉर्म भरने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। कई छात्र निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना आवेदन ही नहीं भर कर पा रहे हैं।

इनका कहना है

विश्वविद्यालय का परीक्षा पोर्टल पूरी तरह सक्रिय है। छात्र बिना किसी रुकावट के अपना आवेदन ऑनलाइन भर सकते हैं। हमारी तरफ से पोर्टल में कोई तकनीकी समस्या नहीं है।

नीरजा नामदेव
रजिस्ट्रार, एपीएसयू
विश्वविद्यालय, रीवा

कलेक्टर ने किया शहर की सबसे पुरानी गौशाला का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. कलेक्टर डॉ. एस. सतीश कुमार ने बुधवार को शहर की सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित, सदावर्त कमेटी द्वारा संचालित गौशाला का औचक निरीक्षण किया।

गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के प्रबंधन में चल रही इस गौशाला की व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे कलेक्टर ने यहाँ की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया और समिति के सेवा भाव की प्रशंसा की। शहर की हृदय स्थली में स्थित यह गौशाला अपनी दीर्घकालिक

सेवा परंपरा के लिए जानी जाती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. एस. सतीश कुमार ने गौशाला के हर विभाग का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने गायों के रख-रखाव, चारे की उपलब्धता और स्वच्छता मानकों की जांच की। कलेक्टर ने कहा कि ऐसी संस्थाएं समाज के लिए प्रेरणा का केंद्र हैं जो इतने लंबे समय से जीव दया के कार्य में समर्पित हैं।

व्यापारी संघ ने दी संचालन की जानकारी-गौशाला का संचालन गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के माध्यम से किया जाता है। निरीक्षण के दौरान संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र द्विवेदी ने कलेक्टर को गौशाला के इतिहास और वर्तमान संचालन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार समिति के सदस्य और शहर के व्यापारी मिलकर गौवंश की सेवा और उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हैं।

सड़क हादसे में पुलिसकर्मी घायल

▸ प्रयागराज में उपचार जारी

नवभारत न्यूज

सतना 3 जून. जिले के चित्रकूट थाने में पदस्थ आरक्षक संदीप शुक्ला सड़क हादसे ममें गंभीर तौर पर घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात आरक्षक शुक्ला अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले थे.

बताया गया कि अचानक उनकी

बाइक फिसल गई. जिसके चलते वे सड़क पर सिर के बल गिर गए. सिर में गंभीर चोट आने के कारण एक ओर जहां काफी मात्रा में रक्त स्त्राव हो गया वहीं वे बेसुध हो गए. घटना के कुछ देर बाद राहगीरों द्वारा उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया. लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया. जिसे देखते हुए परिजन बेहतर उपचार के लिए उन्हेकं प्रयागराज ले गए. जहां पर स्वरुपरानी मेडिकल कॉलेज में उनका उपचार जारी है. बताया गया कि उन्हें फिलहाल वेंटिलेटर सपोर्ट सिस्टम पर रखा गया है और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है.

बिरसिंहपुर क्षेत्र में चरवाहे की 19 भेड़ ले उड़े चोर

नवभारत न्यूज

सतना 3 जून. पिछले कई दिनों की खामोशी के बाद एक बार फिर से भेड़ बकरी चुराने का गिरोह सक्रिय होता नजर आने लगा है. जिसकी तस्दीक बिरसिंहपुर क्षेत्र में एक चरवाहे के घर से 19 भेड़ें चुरा लिए जाने की घटना के तौर पर होती दिखाई दी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिरसिंहपुर वार्ड क्र. 1 बाम्रेट क्षेत्र के

निवासी छेदी पाल द्वारा अपने घर में कईं भेड़ों को पाला गया है. बताया गया कि मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञात बदमाशों ने छेदी के घर में भेड़ों के बाड़े में धावा बोल दिया. पहली बार घुसे बदमाशों ने वहां पर मौजूद 13 भेड़ों को उठा लिया और उन्हें वाहन में लादकर निकल गए. इतना ही नहीं बल्कि मौके का फायदा उठाते हुए बदमाशों ने कुछ देर बाद ही दूसरी बार भी धावा बोल दिया. इस बार बदमाश वहां पर मौजूद आधा दर्जन भेड़ उठाकर अपने साथ ले गए. सुबह उठकर देखने पर जब छेदी को बाड़े में 19 भेड़ें कम नजर आईं तो उसने पुलिस में शिकायत की. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

एक नजर में

महापौर ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से की भेंट

सतना . अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारिणी बैठक में महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर नगर विकास, स्वच्छता, सुशासन एवं नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की। बैठक में देशभर के महापौरों ने शहरी विकास से जुड़े अनुभव एवं नवाचार साझा किए।

पुण्यतिथि पर भंडारा प्रसाद का वितरण

सतना । शिव सेवा संकल्प संस्थान के सदस्य अमित मिश्रा धवारी के पू . पिता जी स्व .जनकलाल मिश्र सोलहवीं पुण्य तिथि पर शिव सेवा संकल्प संस्थान द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा प्रसाद का वितरण श्रद्धालुओं, राहगीरों को किया गया।

सिन्धु विकास समिति ने किया महंत स्वामी पुरुषोत्तम का स्वागत

सतना । संत सानिध्य से मानव जीवन सदैव सन्मार्ग की ओर ही जाता है। उपरोक्त उद्गार महंत

स्वामी पुरुषोत्तम महाराज ने श्री मेहरशाह दरबार में आयोजित सनातन भक्ति महोत्सव के आयोजन अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था सिन्धु विकास समिति द्वारा परम पूज्य महंत स्वामी पुरुषोत्तम दास महाराज का भावपूर्ण एवं भव्य अभिनंदन किया। समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा पुष्पमालाओं,शॉल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह में आशीर्वाद प्रवचन देते हुए महंत स्वामी पुरुषोत्तम दास महाराज ने प्रेम, सेवा, सत्संग एवं मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संदेश दिया एवं समाज में आध्यात्मिक जागृति एवं संस्कारों के प्रसार का आह्वान किया।

विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेला आज मझगवां में

सतना 03 जून. शासकीय आईटीआई एवं रोजगार कार्यालय सतना द्वारा 1 जून से 5 जून 2026 तक सतना जिले में स्थित समस्त आईटीआई में जीडी एक्स सिक्योरिटी सर्विस का एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 4 जून को जनपद पंचायत मझगवां तथा 5 जून को जिला रोजगार कार्यालय सतना में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा।

जिला चिकित्सालय की ओपीडी में बंद हो गईं छात्राएं

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय में लापरवाही का एक गंभीर मामला बुधवार को तब सामने आया जब नवीन ओपीडी भवन में इलाज के लिए आईं दो छात्राओं को कर्मचारियों ने अंदर ही बंद कर दिया।

कर्मचारियों ने बिना जांच-पड़ताल किए ओपीडी के गेटों पर ताला लगा दिया, जिससे छात्राएं करीब आधे घंटे तक भवन के अंदर फंसी रहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना तब हुई जब छात्राएं चिकित्सक को दिखाने के लिए नवीन ओपीडी में इंतजार कर रही थीं। अस्पताल के नियम के अनुसार, दोपहर 2 बजे के बाद डॉक्टर ब्रेक पर चले जाते हैं और ओपीडी बंद करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

शोर मचाने पर खुला ताला

करीब आधे घंटे तक परेशान रहने के बाद छात्राओं ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू किया। इसके बाद अस्पताल के कुछ कर्मचारियों का ध्यान उनकी ओर गया। मौके पर पहुंचने पर स्थिति का पता चला और ताला खोला गया, जिसके बाद छात्राएं बाहर निकल सकीं।

लोको पायलटों के साथ अभद्रता के विरोध में रेल कर्मचारियों की गेट मीटिंग

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. प्रयागराज छिवकी में ट्रेन क्रमांक 12141 के संचालन के दौरान सतना के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के साथ हुई कथित धक्का-मुक्की और अभद्रता के विरोध में मंगलवार शाम रेल कर्मचारियों ने लोको लॉबी के सामने गेट मीटिंग की.

बैठक में कर्मचारियों ने घटना को गंभीर बताते हुए एनसीआर प्रशासन से कार्रवाई की मांग करते हुए पूरे मामले को लेकर नाराजगी जताई जानकारी के मुताबिक वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ, जबलपुर मंडल के आवाहन पर मंगलवार शाम सतना की दोनों शाखाओं द्वारा लोको लॉबी के सामने गेट मीटिंग आयोजित की गई.

बैठक की अध्यक्षता ओपन लाइन शाखा के अध्यक्ष शिव कुमार ने की.मामले के सन्दर्भ में संघ पदाधिकारियों ने बताया कि 2 जून को सतना के एक लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ट्रेन संख्या 12141 का संचालन कर रहे थे इसी दौरान प्रयागराज छिवकी में एनसीआर के 50-60 लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें गंतव्य से पहले ही जबरन लोको से उतार दिया.

विश्व साइकिलिंग दिवस पर साइकिलिंग क्लब ने निकाली 30 किमी लंबी रैली

नवभारत न्यूज

सतना, 3 जून. विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर में पर्यावरण मित्रता, स्वास्थ्य लाभ और किफायती परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशाल साइकिलिंग रैली का आयोजन किया गया।

साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस 30 किलोमीटर लंबी रैली में शहर के जागरूक नागरिकों और साइकिलिंग प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा

लिया। -रैली प्रात: 6 बजे सिविल लाइन्स स्थित होटल भरहुत के पास से रवाना हुई। यहाँ से सभी साइकिल सवार रैगांव रोड स्थित सृजन गेस्ट हाउस पहुंचे, जहाँ कुछ समय विश्राम करने के पश्चात रैली वापस सिविल लाइन्स आकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वस्थ रहो, ईंधन बचाओ, पर्यावरण बचाओ का नारा बुलंद करते हुए आमजन को जागरूक किया। विश्व साइकिलिंग दिवस हर वर्ष 3 जून को मनाया जाता है। इस आयोजन को सफल बनाने में शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने पैडल मारकर अपना योगदान दिया। रैली में मुख्य रूप से वीरेंद्र रावल ,,डॉ सुमन जैन ,डॉ आलोक जैन ,सुशील मोटवानी ,संकल्प जैन ,गौरव कानोडिया ,सी के शर्मा ,प्रवीण धमनानी ,रिंकू बत्रा , अजय गैलानी ,सुजित एम. के ,प्रभा सिंह ,गुंजन वर्मा एवं महेश अयलानी ने भाग लिया।